

नवभारत
इंदौर, सोमवार, 1 जून, 2026



# तंबाकू निषेध दिवस पर चलाया व्यापक जनजागरण अभियान

**▶ नगर के प्रमुख चौराहों और वार्डों में पहुंचकर दिलवाया नशामुक्ति का संकल्प**



**बदनावर।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर ज्ञानदीप मंडल द्वारा नगर में एक व्यापक जन-जागरण एवं नशा मुक्ति अभियान आयोजित किया गया। मंडल के संस्थापक अध्यक्ष विजय बाफना के मार्गदर्शन एवं प्रेरणा से आयोजित इस अभियान का उद्देश्य केवल औपचारिकता निभाना नहीं, बल्कि समाज में तंबाकू एवं नशे के दुष्परिणामों के प्रति वास्तविक जागरूकता उत्पन्न करना था।

ज्ञानदीप मंडल के सदस्यों ने विभिन्न टोलियों के रूप में नगर के प्रमुख स्थलों अंबेडकर चौराहा, सोमेश्वर चौराहा, शीतला माता बस स्टैंड, कन्या शाला, मोदी चौराहा, कचहरी चौक, मुख्य बस स्टैंड, वार्ड क्रमांक 9 एवं वार्ड क्रमांक 15 सहित विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण किया। इस दौरान माइक के माध्यम से आमजन को तंबाकू, गुटखा, बीड़ी एवं सिगरेट जैसे नशों से होने वाले गंभीर स्वास्थ्य दुष्परिणामों की जानकारी दी गई तथा लोगों को इन आदतों को छोड़ने हेतु प्रेरित किया गया। अभियान के दौरान तंबाकू निषेध संबंधी संदेशों एवं तथ्यों से युक्त तख्तियां और जागरूकता सामग्री (पेंपलेट) वितरित की गई। मंडल सदस्यों ने लोगों से सीधे संवाद कर उन्हें नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया तथा अनेक नागरिकों से तंबाकू, बीड़ी सिगरेट, गुटका त्यागने का संकल्प पत्र भी भरवाया। वार्ड क्रमांक 9 में पार्षद के सहयोग से क्षेत्रवासियों को एकत्रित कर नशामुक्ति का संदेश दिया गया। वहीं वार्ड क्रमांक 15 में महिलाओं ने विशेष उत्साह के साथ अभियान में सहभागिता करते हुए इस प्रकार के जनहितकारी प्रयासों की सराहना की तथा समाज में निरंतर ऐसे आयोजन किए जाने की आवश्यकता बताई।

अभियान के दौरान शेखर यादव (नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि), सुखराम देवदा (पार्षद), कन्हैयालाल गुर्जर (एल्डरमैन), अब्दुल खालिद बादशाह (पूर्व पार्षद) सहित अनेक गणमान्य नागरिकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर अभियान का समर्थन किया।

ज्ञानदीप मंडल के सदस्य राजेश जैन, पंकज पंड्या, अर्जुन सिंह पवार, हेमराज पवार, राजेश्वर त्रिवेदी, दिनेश कुमार हारोड़, वैभव चौरड़िया सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने अभियान को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई। अभियान के संयोजक पवन पाटोदी ने बताया कि ज्ञानदीप मंडल सदैव सकारात्मक सोच एवं रचनात्मक प्रयासों के माध्यम से समाज में वास्तविक जागृति लाने का प्रयास करता है। यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने आसपास कम से कम एक व्यक्ति को भी तंबाकू एवं नशे की लत से मुक्त कराने में सफल हो जाए, तो यह अभियान अपने उद्देश्य में सफल माना जाएगा।

मंडल के संस्थापक अध्यक्ष विजय बाफना ने कहा कि समाज में परिवर्तन केवल संदेश देने से नहीं, बल्कि जनभागीदारी एवं निरंतर प्रयासों से आता है। तंबाकू मुक्त समाज का निर्माण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है और प्रत्येक नागरिक को इस दिशा में अपना योगदान देना चाहिए। अभियान के समापन पर सभी उपस्थित नागरिकों ने स्वस्थ, जागरूक एवं नशामुक्त समाज के निर्माण हेतु सहयोग करने का संकल्प लिया।

# मन की बात कार्यक्रम में सांसद सावित्री ठाकुर, भाजपा जिलाध्यक्ष महंत भारती, विधायक वर्मा हुए शामिल



**धार।** भारतीय जनता पार्टी जिला धार के सभी जिला पदाधिकारी मंडल अध्यक्ष और भाजपा किसान मोर्चा द्वारा रविवार को जिले के सभी 919 बुथ केंद्रों समेत किसान मोर्चा के 100 स्थानों पर देश के माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 134वें संस्करण पर श्रवण किया।

'मन की बात' कार्यक्रम अंतर्गत केंद्रीय मंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद सावित्री ठाकुर भाजपा जिला अध्यक्ष महंत निलेश भारती भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष रविंद्र पाटीदार ने सरदारपुर विधानसभा ग्राम बांदेड़ी स्थित बूथ क्रमांक 264 पर भाजपा परिवारजनों, किसानों एवं स्थानीय नागरिकों के साथ श्रवण किया।

इसी क्रम में विधायक नीना वर्मा ने धार के कृषि विज्ञान केंद्र और भाजपा नेता डॉ शरद विजयवर्गीय भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष ने ग्राम खरसोड़ा बूथ क्रमांक 06 पर 'मन की बात' कार्यक्रम को सुना। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में राष्ट्र निर्माण, किसान कल्याण, जनभागीदारी, नवाचार, पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक उत्तरदायित्व जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रेरणादायी विचार साझा किए। उनके संदेश विकसित भारत के निर्माण हेतु प्रत्येक नागरिक को सकारात्मक योगदान देने के लिए प्रेरित करते हैं। इस अवसर पर भाजपा जिला मंत्री कमल यादव भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष रविंद्र पाटीदार मंडल अध्यक्ष विजय दीक्षित शुभम पाटीदार भाजपा नेता रवि पाठक जितेंद्र रघुवंशी शुभम दीक्षित सन्नी होडा शांतिलाल शर्मा मांगीलाल कुल्हारा गोपाल वैष्णव खेमराज लववंशी इंदर पटेल सहित बड़ी संख्या में किसान एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# NMPL-4 क्रिकेट टूर्नामेंट का रोमांचक समापन




**नागदा (धार)।** मां चामुंडा खेल ग्राउंड समिति नागदा के तत्वावधान में आयोजित और सनशाइन इंटरनेशनल स्कूल द्वारा प्रायोजित भव्य क्रिकेट टूर्नामेंट SUNSHINE NMPL-4 का बेहद रोमांचक महामुकाबला संपन्न हुआ। फाइनल मैच में आजाद क्ल की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए पटेल 11 को 4 विकेट से हराकर चमचमाती ट्रॉफी और खिताब अपने नाम कर लिया। फाइनल मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए पटेल 11 की टीम ने निर्धारित 8 ओवरों में केवल 1 विकेट खोकर 102 रनों का विशाल स्कोर ख?ा किया। पटेल 11 की ओर से सलामी बल्लेबाज कप्तान चिराग जैन ने मैदान के चारों ओर चौकों-छक्कों की बरसात करते हुए मात्र 32 गेंदों में ताबड़तोड़ 76 रन बनाए और नाबाद रहे। आजाद क्लकी ओर से विजय परमार ने 2 ओवर में 15 रन देकर 1 विकेट लिया।

103 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी आजाद क्लकी शुरुआत बेहद खराब रही। राजवर्धन सिंह चावड़ा की घातक गेंदबाजी के आगे आजाद क्लकी ने महज 46 रन पर अपने 6 मुख्य विकेट गंवा दिए थे। एक समय मैच पूरी तरह पटेल 11 की मुट्ठी में लग रहा था, लेकिन इसके बाद क्रीज पर आए शानू बागवान ने मैच का पासा पलट दिया। शानू ने मात्र 14 गेंदों में 38 रनों की अविश्वसनीय और नाबाद पारी खेलकर 8वें ओवर में 6 विकेट खोकर 103 रन बनाकर अपनी टीम को ऐतिहासिक जीत दिला दी। टूर्नामेंट के समापन पर विजेताओं और उत्कृष्ट खिलाड़ियों को मुख्य अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया जिसमें प्रथम पुरस्कार विजेता 21,000 स्व. मुन्नालाल जी पहलवान की स्मृति में पूर्व उपसरपंच व पूर्व गौशाला अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण जी चौहान नागदा की ओर से एवं विजेता ट्रॉफी श्री विजेंद्रसिंह जी डोडिया, कड़ौद खुर्द की ओर से आजाद क्लके ऑनर आजाद चौहान को दी गई ओर द्वितीय पुरस्कार उपविजेता 11,000 श्री रामेश्वर जी कुशवाहा, उपसरपंच नागदा की ओर से एवं उपविजेता ट्रॉफी श्री लक्ष्मी सायकल व श्री महालक्ष्मी हार्डवेयर की ओर से पटेल 11 के ऑनर राजेंद्र सिंह पटेल को दी गई

चिराग जैन का ऐतिहासिक कीर्तिमान

मैच के दौरान चिराग जैन ने अपने करियर के 400 छक्के भी पूरे किए, जो इस टूर्नामेंट की सबसे ब?ी उपलब्धियों में से एक रहा।मैन ऑफ द सीरीज- अशोक जाधव को ट्रॉफी एवं स्पोर्ट्स साइकिल, श्री वीरेंद्रसिंह जी बन्ना कलसाड़ा बुजुर्ग की ओर से एवं बेस्ट बैट्समैन चिराग जैन को 2100/- एवं ट्रॉफी, सुनीता ट्रेडर्स नागदा की ओर से ओर बेस्ट बॉलर विजय परमार को 2100 एवं ट्रॉफी, जयेश ट्रेडर्स नागदा की ओर से बेस्ट फील्डर राहुल कुशवाहा को 2100 एवं ट्रॉफी, स्व. करणसिंह जी तंवर की स्मृति में अर्जुन सिंह जी तंवर की ओर से कार्यक्रम का संचालन धर्मेंद्र कुशवाहा ने किया ओर आभार मां चामुंडा खेल ग्राउंड समिति नागदा अध्यक्ष विकास क्षोत्रिय ने माना।

# 5 लाख 50 हजार रुपये कीमत की अवैध शराब और वाहन जब्त



**झाबुआ।** पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र पाटीदार द्वारा जिले में अवैध गतिविधियों, शराब तस्करी एवं अन्य आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम हेतु लगातार समस्त थाना प्रभारियों को सघन वाहन चेकिंग एवं प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए जा रहे हैं। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जिलेभर में विशेष अभियान चलाकर संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की लगातार जांच की जा रही है।

इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिपाल सिंह महोबिया एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) अनुरक्ति साबनानी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी पेटलावद निरीक्षक निर्भयसिंह भूरिया के नेतृत्व में पेटलावद पुलिस टीम को दिनांक 29.05.2026 को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि बदनावर-भैसोला तरफ से एक पिकअप वाहन में अवैध शराब भरकर लाई जा रही है। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा बरवेट चौराहा सारंगी पर वाहन चेकिंग शुरू की गई। इसी दौरान संदिग्ध पिकअप वाहन को रोकने का प्रयास किया गया, किन्तु चालक द्वारा वाहन नहीं रोकते हुए पेटलावद की ओर भागने का प्रयास किया गया। पुलिस टीम ने तत्परता एवं सूझबूझ का परिचय देते हुए चौकी सारंगी के शासकीय वाहन से पीछा कर चौकी के पास घेराबंदी कर वाहन को पकड़ा। वाहन चालक से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम संदीप पिता समसु चरपोटा उम्र 26 वर्ष निवासी तिखीपाड़ा तथा उसके साथी ने अपना नाम जितेन्द्र पिता राजु गणावा उम्र 19 वर्ष निवासी तिखीपाड़ा होना बताया। वाहन की तलाशी लेने पर उसमें तिरपाल के नीचे कुल 50 पेटी देशी मसाला शराब बरामद हुई। प्रत्येक पेटी में 50-50 क्वार्टर कुल 450 बल्क लीटर शराब पाई गई, जिसकी अनुमानित कीमत 1,50,000/- रुपये है। पुलिस द्वारा अवैध शराब एवं पिकअप वाहन जिसकी कीमत लगभग 4,00,000/- रुपये है, कुल मशरूका 5,50,000/- रुपये जप्त किया गया। आरोपियों के विरुद्ध थाना पेटलावद में अपराध क्रमांक 249/2026 धारा 34(2), 36 आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत किया जा रहा है। कार्रवाई में थाना प्रभारी निर्भयसिंह भूरिया, चौकी प्रभारी सारंगी उप निरीक्षक दीपक देवरे, कार्यवाहक स.उ.नि. गोवर्धनलाल धाकड़, सउनि शिवकुमार शर्मा, प्रधान आरक्षक मुकेश एवं आरक्षक 684 अजय चौहान की विशेष सराहनीय भूमिका रही।

# छतरपुर में बदनावर के शिक्षक कन्हैयालाल को मिला रजत पदक



**बदनावर।** 12वीं राज्य स्तरीय विभागीय अधिकारी कर्मचारी प्रतियोगिता 2025-26 का आयोजन दिनांक 27/05/2026 से 31/05/2026 तक छतरपुर में किया गया, जिसमें 10 संभागों के शिक्षक खिलाड़ियों ने भाग लिया।

इंदौर संभाग से 50 +में एथलेटिक्स इवेंट में 100 मी रनिंग 14.2 सेकंड में कन्हैयालाल पाटीदार प्राथमिक शिक्षक शासकीय विद्यालय शिवगढ़ संकुल केंद्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोद ने रजत पदक हासिल किया 50 प्लस में पूरे संभाग अकेले कन्हैयालाल पाटीदार ने इस एथलेटिक्स इवेंट में भाग लिया वही लेदर बॉल क्रिकेट मे इंदौर संभाग ने रीवा को हराया दूसरा मैच भोपाल और इंदौर के बिच खेला गया जिसमे इंदौर को हार का सामना करना पडा इस प्रतियोगिता मे बदनावर के नरेन्द्र चौहान और धारसींखे?ा के प्रभारी प्रिंसिपल दीपक मदारिया और कन्हैयालाल पाटीदार ने इंदौर संभाग की ओर से लेदर बाल क्रिकेट भी खेला है।

**कई बार जानकारी देने के बाद भी पीएचई नहीं रहा सुधार**

# लंबे समय से बंद पड़े हैंडपंप, पानी के लिए लोग परेशान



**आलीराजपुर। जिले के जनपद पंचायत जोबट अंतर्गत ग्राम सिंधी के कोठार फलिया स्थित जोबट-कुक्षी मुख्य मार्ग पर लगा हैंडपंप लंबे समय से बंद पड़ा हुआ है। हैंडपंप से पानी नहीं निकलने के कारण आदिवासी ग्रामीणों को भीषण पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र में इन दिनों सामाजिक कार्यक्रमों एवं शादी-विवाह का दौर चल रहा है, जिससे पानी की मांग और बढ़ गई है।**

ग्रामीणों ने बताया कि समस्या की जानकारी कई बार लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई) विभाग के मैदानी कर्मचारियों एवं संबंधित अधिकारियों को दी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं हो पाया है। हैंडपंप बंद होने से लोगों को दूर-दराज के जल स्रोतों से पानी लाना पड़ रहा है, जिससे समय और श्रम दोनों की अतिरिक्त परेशानी उठानी पड़ रही है। उल्लेखनीय है कि हाल ही में कलेक्टर ने जिले की पेयजल व्यवस्था की समीक्षा करते हुए जल संकट वाले क्षेत्रों में शिकायतों का त्वरित निराकरण करने, हैंडपंप संबंधी मांगों का भौतिक सत्यापन कराने तथा आवश्यकता अनुसार अतिरिक्त बोरवेल कराने के निर्देश दिए थे। इसके बावजूद कोठार फलिया में पेयजल समस्या जस की तस बनी हुई है।

ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते हैंडपंप का गहरीकरण कर दिया जाए तो इसमें पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध हो सकता है। इससे न केवल मोहल्लेवासियों को पेयजल संकट से राहत मिलेगी, बल्कि जोबट-कुक्षी मार्ग से गुजरने वाले राहगीरों को भी पानी की सुविधा मिल सकेगी। ग्रामीणों ने प्रशासन एवं संबंधित विभाग से कलेक्टर के निर्देशों के अनुरूप शीघ्र कार्रवाई कर समस्या का स्थायी समाधान करने की मांग की है।

# पुणे विवि में दिगंबर मुनि को गोष्ठी में प्रवेश से रोका, जैन समाज में आक्रोश



**बदनावर। भारतीय संस्कृति की पहचान वसुधैव कुटुम्बकम् और अतिथि देवो भव से है। नालंदा - तक्षशिला की ज्ञान परंपरा वाले इस देश में एक विश्वविद्यालय द्वारा आमंत्रित दिगंबर जैन संत को कार्यक्रम स्थल पर प्रवेश से रोक देना, हमारे शिक्षा केंद्रों के संस्कार-विहीन होते जाने का शर्मनाक उदाहरण बन गया है।**

उक्त घटना की जानकारी देते हुए वर्द्धमानपुर शोध संस्थान के ओम पाटोदी ने बताया कि हाल ही में सावित्रीबाई फुले पुणे विश्वविद्यालय के पुरातत्व एवं इतिहास विभाग द्वारा भारत सरकार की भारतीय ज्ञान परंपरा योजना के तहत भारत की प्राचीन जैन विरासत विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गई थी। इस संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में दिगंबर जैन संत मुनि श्री अक्षय सागर जी महाराज को विधिवत आमंत्रण भेजा गया और उनकी स्वीकृति भी ली गई। तपती गर्मी में पैदल विहार करके जब मुनिश्री कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे, तो विश्वविद्यालय प्रशासन ने उनके दिगंबर स्वरूप का हवाला देकर प्रवेश देने से इनकार कर दिया। वर्द्धमानपुर शोध संस्थान के ओम पाटोदी ने कहा कि यह घटना केवल एक संत का नहीं, हमारी हज़ारों वर्ष पुरानी श्रमण संस्कृति, तप, त्याग और अहिंसा की परंपरा का अपमान है। दिगंबरत्व वस्त्र-त्याग नहीं, समस्त परिग्रहों के त्याग का प्रतीक है। भारत की पहली महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले के नाम पर बने विश्वविद्यालय में यह कृत्य उनके नाम को भी बट्टा लगाता है। ऐसा लगता है कि ये आयोजन समिति के लोग भारत के नहीं होकर किसी दूसरी दुनिया से आएं हों जिन्हें भारत के अति प्राचीन धर्म संस्कृति के बारे में कोई जानकारी ही नहीं। वर्द्धमानपुर शोध संस्थान के ओम पाटोदी सहित राजेश जैन फुलजी बा, राजमल सूर्या, मुकेश विनाक्या, सुरेन्द्र मूणत, राजेंद्र सराफ, अनिल लुनिया, सर्वेश मंडलेचा, सौरभ जैन, प्रवीण जैन, विपिन जैन, पवन पाटोदी, सुशील मोदी, ललित गोधा, स्वप्निल जैन, अभय पाटोदी आदि सदस्यों ने एवं वरिष्ठ समाजजन व प्रबुद्ध नगर वासियों ने उक्त घटना पर विरोध जताते हुए सावित्रीबाई फुले विश्वविद्यालय के दोषी अधिकारियों से सार्वजनिक रूप से माफी माँगने की माँग की है। साथ ही शिक्षा विभाग द्वारा उन पर यथोचित कार्यवाही की भी माँग की है।

**एक नजर** ▶ **सच्चा खिलाड़ी वही होता है जो हर परिस्थिति में अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन देता है...**

# दत्तीगांव ट्रॉफी में रोमांचक मुकाबलों का दौर जारी, दूधिया रोशनी में क्रिकेट का रोमांच देखने उमड़ रही भीड़

**बदनावर। नगर के शासकीय नंदराम चोपड़ा विद्यालय मैदान पर स्व. प्रेमसिंह दत्तीगांव की स्मृति में आयोजित रात्रिकालीन क्रिकेट टूर्नामेंट दत्तीगांव ट्रॉफी को लेकर खिलाड़ियों और क्रिकेट प्रेमियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। प्रतियोगिता में प्रतिदिन रोमांचक मुकाबले खेले जा रहे हैं, जिन्हें देखने बड़ी संख्या में दर्शक मैदान पहुंच रहे हैं। दूधिया रोशनी में हो रहे मुकाबलों ने आयोजन को और आकर्षक बना दिया है। आयोजन के दूसरे दिन पहला मुकाबला सांई सरकार चौपाटी इलेवन और टेलेंट क्लब बदनावर के बीच खेला गया।**

मैच के पूर्व अतिथि के रूप में उपस्थित वरिष्ठ पत्रकार धर्मेंद्र अग्निहोत्री, मनीष शर्मा, पुरुषोत्तम शर्मा, महेश पाटीदार, राकेशसिंह चौहान, दिलीपसिंह चौहान, प्रदीप पंवार, नारायण मकवाना, आशीष परमार, सचित बाहेती एवं राजू भजभिए ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर टॉस करवाया। सांई सरकार ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। टेलेंट क्लब ने निर्धारित 10 ओवर में 5 विकेट खोकर 99 रन बनाए। जवाब में सांई सरकार के बल्लेबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 8 ओवर में ही 4 विकेट खोकर 103 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। मैच में स्वेतराजसिंह को मेन ऑफ द मैच चुना गया। दूसरा मुकाबला कारोदा इलेवन और मिक्स इलेवन के बीच खेला गया। महांकाल मंडल न्यास अध्यक्ष प्रजेंद्र भट्ट, संयोजक मनीष ठाकुर, महेश शर्मा एवं मंडल सदस्यों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का शुभारंभ कराया। मिक्स इलेवन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। कारोदा इलेवन ने 10 ओवर में 8 विकेट खोकर 76 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए मिक्स इलेवन ने 7 ओवर 3 गेंद में 2 विकेट खोकर 79 रन बनाते हुए मुकाबला जीत लिया। इस मैच में वीरेंद्रसिंह डोडिया को मेन ऑफ द मैच घोषित किया गया।

इसके बाद क्वार्टर दौर का मुकाबला सांई सरकार इलेवन और मिक्स इलेवन के बीच खेला गया। अतिथि के रूप में नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि शेखर यादव एवं भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र जाट उपस्थित रहे। सांई सरकार ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 8 विकेट खोकर 76 रन बनाए। जवाब में मिक्स इलेवन ने केवल 5 ओवर 2 गेंद में 4 विकेट खोकर 77 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया। इस मैच में भी वीरेंद्रसिंह डोडिया मेन ऑफ द मैच रहे। मंचीय कार्यक्रम के दौरान धर्मेंद्र अग्निहोत्री ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल भावना, अनुशासन और भाईचारे का यह आयोजन युवाओं को सकारात्मक दिशा देने का कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि क्रिकेट केवल खेल नहीं, बल्कि टीमवर्क, संघर्ष, धैर्य और नेतृत्व का प्रतीक है।युवाओं को खेलों से जोड़ना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। हार और जीत जीवन का हिस्सा हैं, लेकिन सच्चा खिलाड़ी वही होता है जो हर परिस्थिति में अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन देता है। आयोजक समिति के सन्तोष राव, भाजपा मंडल अध्यक्ष मनीष गुर्जर, पंकज ठाकुर, विजय गोयल, अखिलेश शर्मा, राकेश शर्मा, राधेश्याम हारो?, चेतन प्रजापत, अंशुमन जोशी आदि ने अतिथियो का स्वागत किया। संचालन मनोज सोलंकी कवि ने किया। 10 दिवसीय इस क्रिकेट महाकुंभ के तहत मैदान पर आकर्षक विद्युत व्यवस्था की गई है। रोज बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने मैदान पहुंच रहे हैं। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला 4 जून को खेला जाएगा।

